हिंदी विभाग

भाषा केवल अभिव्यक्ति एवं संपर्क का माध्यम ही नहीं हैं बल्कि वह सामाजिक सोच, सामाजिक संस्कृति और सामूहिक मानसिकता के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारत जैसे एक बहुभाषी और बहु-सांस्कृतिक देश की राजभाषा एवं संपर्क भाषा होने के साथ-साथ हिंदी विभिन्न भाषा-भाषी समाजों और संस्कृतियों के बीच अंत:संवाद का माध्यम भी है। चांगू काना ठाकूर कला, वाणिज्य और विज्ञान (स्वायत्त) महाविद्यालय का हिंदी विभाग शैक्षणिक एवं सामाजिक प्रतिबध्दता के साथ उपेक्षित समूहों को केंद्र में लाने की प्रक्रिया में हिंदी भाषा एवं साहित्य की भूमिका को महत्वपूर्ण मानता है। हिंदी विभाग निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। हिंदी विभाग चांगू काना ठाकूर कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय (स्वायत्त), न्यू पनवेल के महत्वपूर्ण विभागों में से एक है। हिंदी भाषा की विरासत और समृद्धि पर शैक्षणिक वर्ष 1997-98 में हिंदी विभाग की स्थापना की गई थी। विभाग हिंदी के सभी पहलुओं की उचित खोज करके छात्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिसमें स्नातक पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया। लेकिन कालान्तर में इसमें स्नातकोत्तर एवं पी-एच.डी. पाठ्यक्रमों को भी शामिल किया गया है। स्नातकोत्तर और पीएच.डी. की स्थापना क्रमश: (२०१३-१४, २०१२-१३) में की गई थी।

हिंदी विभाग अतीत की समृद्ध विरासत का प्रभावी ढंग से उपयोग करता है और साथ ही अद्यतन व्यावहारिक पहलुओं का भी पता लगाता है। हम नवीनतम परिवर्तनों और संबंधित गतिशीलता के प्रति सचेत हैं; इसलिए छात्रों के समग्र विकास के लिए नवीनतम शिक्षण हस्तक्षेपों को शीघ्रता से समायोजित करने के लिए सक्रिय है। हिंदी विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाता है जैसे - हिंदी दिवस समारोह , भित्ति पत्रिका 'उड़ान' का निर्माण, एतेहासिक जगहों का दर्शन, निर्मला पुतुल के कविताओं का पाठ, पालक सभा, एन.एस.एस. प्रकल्प, कवि सम्मलेन, मुंशी प्रेमचंद जयंती, बिरसा मुंडा जयंती, निराला जयंती, मैथिलीशरण गुप्त" जयंती, भीष्म सहानी" जयंती, हजारीप्रसाद द्विवेदी" जयंती, भगवतीचरण वर्मा" जयंती, भारतेंदू हरिश्चंद्र" जयंती, महादेवी वर्मा" पुण्यतिथी, चन्द्रधर शर्मा "गुलेरी" पुण्यतिथी, बिरसा मुंडा

जयंती दिवस (जनजातीय गौरव दिवस), गोपाल सिंह नेपाली" जयंती, अटल बिहारी वाजपेयी की " पुण्यतिथी के उपलक्ष्य में काव्य पाठ, आदिवासियों के महानायक बिरसा मुडा का शहीद दिवस, कक्षा स्तरीय सेमिमार /प्रस्तुतिकरण, सुलेख प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, प्रश्न मञ्जूषा प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, काव्य वाचन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, काव्य उत्सव (युवा कवि) अविष्कार रिसर्च प्रकल्प, फिल्म समीक्षा आदि।

हिंदी भाषा की समृद्ध विरासत के बारे में समग्र जागरूकता बढ़ाने के अलावा, अनुप्रयोग पहलुओं पर भी बहुत ध्यान दिया गया है। यह ऐतिहासिक तथ्यों को उनकी उपयोगी शिक्षाओं से निरूपित करना तथा छात्रों को हमारे समृद्ध मूल्यों के साथ विकसित करने के लिए तैयार किया गया है ताकि वे एक बेहतर व्यक्ति, पेशेवर और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित हो सकें।

प्रोफेसर डॉ.भंडारे उद्धव तुकाराम
अध्यक्ष, हिंदी विभाग
चांगू काना ठाकूर कला, वाणिज्य और विज्ञान महाविद्यालय, (स्वायत्त) नवीन पनवेल
मोबाइल-9869125508
Email ID-dr.udhavbhandare@gmail.com